ओ मस्त नजर वाले तेरी याद सताती है लिरिक्स

ओ मस्त नजर वाले,
तेरी याद सताती है,
हिचकी पे चली हिचकी,
इसे देख के आती है,
ओ मस्त नजर वालें,
तेरी याद सताती है।bd।

तर्ज – ऐ मेरे दिल ए नादां।

लगता है मुझे ऐसा,
ज्यों पास में रहते हो,
हर स्वांस में रहते हो,
विश्वास में रहते हो,
नैनो के झरोखों में,
मौसम बरसाती है,
ओ मस्त नजर वालें,
तेरी याद सताती है।bd।

मनवा है मेरा चंचल,
नादान है भोला है,
माया के झकोलो से,
संसार मै डोला है,
ढलती हुई रातों में,
नज़रे टकराती है,
ओ मस्त नजर वालें,
तेरी याद सताती है।bd।

फरियादी है ये दर का,
इसे भूल नही जाना,
कानों में पड़ा होगा,
इस दास का अफसाना,
गजराज की ज्यूँ हरि को,
मेरी हार बुलाती है,
ओ मस्त नजर वालें,
तेरी याद सताती है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तुम श्याम बहादुर के,
पूंजी हो खजाने की,
शिव साथ मेरे रहना,
ये अरज दीवाने की,
बांकी सी अदा तेरी,
मदहोश बनाती है,
ओ मस्त नजर वालें,
तेरी याद सताती है।bd।

ओ मस्त नजर वाले,
तेरी याद सताती है,
हिचकी पे चली हिचकी,
इसे देख के आती है,
ओ मस्त नजर वालें,
तेरी याद सताती है।bd।

Singer – Bantu Bhaiya Ji

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com